
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# डेंगू की रोकथाम सबकी जिम्मेदारी: मेयर गामा

अभियान

## रायपुर क्षेत्र में स्वच्छता और सेनिटाइजेशन अभियान चलाया गया

**संवाददाता**

देहरादून। वैक्टीरिया जनित रोग डेंगू के निवारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा अपने निर्धारित यथा दिवस एवं समय पर कार्यक्रम के अन्तर्गत आज वाणी विहार रायपुर क्षेत्र में महापौरए नगर निगम सुनिल उनियाल गामा एवं जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त प्रयासों से स्वच्छता और सेनिटाईजेशन अभियान चलाया गया। डेंगू के विरूद्ध जनमानस में जागरूकता चलाये जाने में जिला प्रशासन स्वास्थ्य एवं नगर निगम की बड़ी भूमिका पर जोर देते हुए महापौर गामा ने कहा कि डेंगू की रोकथाम सबकी जिम्मेदारी एवं सबकी भागीदारी से हो सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा डेंगू निवारण में दिये गये सहयोग पर प्रसन्ता व्यक्त की।

जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने स्वच्छता अभियान में जनमानस को साफ.सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने के अलावा समुदाय में जागरूकता को बढावा दिये जाने की बात कही। उन्होंने स्वच्छता के इस अभियान में विभिन्न स्थानों पर नाले.नालियों की सफाईए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़कावए एवं निरन्तर फॉगिंग किये जाने पर बल दिया। उन्होंने डेंगू से बचने के सन्दर्भ में बताया कि डेंगू मादा एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है जो रूके हुए स्वच्छ पानी में पनपता है इसलिए कूलरए पानी की टंकीए पशु पक्षियों के पानी के बरतनए गमलेए कूड़ादानए टायरए डिस्पोजल गिलासए आदि पर जहां पानी रूकने की संभावना होती है तत्काल ऐसे स्थानों पर पैनी नजर बनाकर सफाई की जाय। उन्होंने बताया कि इस रोग के बरसाती मौसम में यजून से अक्टूबरद्ध तक फैलने की सम्भावना होती है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगमए को डेंगू निवारण कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वाणी विहार में जैन प्लाट के आसपास रूकने वाले बरसाती पानी और सीवर की सुगम निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम को दिये।



स्वच्छता और सेनिटाइजेशन अभियान के दौरान मेयर व डीएम।

जनपद में डेंगू जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आज ऋषिकेशए सहसपुरए डोईवालाए विकासनगरए हबर्टपुर आदि स्थानों पर भी व्यापक स्वच्छता और सेनिटाइजेशन अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान जनपद के दोनो नगर निगम देहरादून एवं ऋषिकेश के साथ.साथ सभी नगर पालिका परिषद के सफाई व स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया गया और इस दौरान विभिन्न स्थानों पर अवरूद्ध पानी की निकासी व सफाई कार्य करवाने के साथ ही लोगों को अवरूद्ध पानी की निकासी करने हेतु जागरूक किया गया।

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थी परिषद का चीन के खिलाफ प्रदर्शन

**संवाददाता** उत्तरकाशी। लद्दाख की गलवां घाटी में हिंसक टकराव में भारतीय सेना के एक अधिकारी समेत 20 जवान शहीद होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उन्होंने चीन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की।बुधवार को भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी उत्तरकाशी महाविद्यालय के गेट पर एकत्र हुये। जहां उन्होंने लद्दाख की गलवां घाटी में शहीद हुये 20 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने चीन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने चीन की नापाक हरकत आक्रोश जाहिर किया। पूर्व छात्र महासंघ अध्यक्ष गौतम रावत ने कहा कि अब चीन को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। कहा कि चीन ने हमारे सैनिकों को शहीद किया है। यह घटना निंदनीय है।

### सीमांत का संदेश भारत में नहीं चलेगा चीनी माल

**संवाददाता** पिथौरागढ़। चीन सीमा पर हुई जवानों की शहादत से भारत के अंतिम तहसील सीमांत धारचूला में व्यापारियों सहित स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। व्यापार संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र थापा के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारियों तथा नागरिकों ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पुतले के साथ चीनी सामानों का भी दहन किया। व्यापार संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र थापा ने कहा कि चीन ने कायराना हरकत करते हुए धोखे से हमारे जवानों पर हमला किया है वीर सैनिकों की शहादत पर पूरे देश को गर्व है देश के प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि चीनी सेना की कायराना हरकत का सख्ती से जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा कि पूरा देश एकजुट होकर सेना के जवानों के साथ खड़ा। उपाध्यक्ष प्रकाश गुंज्याल ने कहा कि व्यापारियों के द्वारा चीनी सामान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

### चीन सीमा पर शहीद जवानों का बदला ले सरकार

**संवाददाता** हल्द्वानी। समाजवादी पार्टी व एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने चीन का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया। संस्था सदस्यों ने सरकार से चीन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इस दुस्साहस का जवाब देने की मांग उठाई। हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में बुधवार को एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेंद्र कुमार साहू, संरक्षक रुपेन्द्र नागर ने कहा कि चीन ने जिस तरह से भारतीय सेना के जवानों को शहीद किया है वह निंदनीय है।इस घटना के बाद भारतीयों का धैर्य जवाब दे रहा है। इसलिए अब सरकार को शीघ्र ही कार्रवाई करनी चाहिए। युवा कांग्रेस ने चीन से झड़प में शहीद भारतीय जवानों के लिए दो मिनट का मौन रखा।

## शिवसैनिकों ने चीन का झंडा जलाकर आक्रोश व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। गलवां घाटी में हिंदुस्तानी सैनिकों और चीनी सैनिकों में हूई हिंसक झड़प में कर्नल समेत 20 जवान शहीद के विरोध में आज शिवसैनिकों ने चीन का झंडा जला कर आक्रोश व्यक्त किया। उससे पूर्व शिवसैनिको को सम्बोधित करते हुए शिव सेना प्रमुख गौरव कुमार ने कहा कि चीन द्वारा लगातार सीमा पर तनाव का माहौल बनाया जा रहा है। चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास किया जा रहा है तथा भारतीय सैनिकों को उकसाकर सीमा पर तनावपूर्ण माहौल बनाने का प्रयास कियाजा रहा है। केन्द्र की मोदी सरकार सीमाओं की रक्षा करने तथा आम नागरिकों को सुरक्षा और उनके सम्मान की रक्षा करने में पूर्णतः विफल साबित हो रही है। देश की सीमा पर ऐसी घटनायें देश की सीमाओं की सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह हैं। लेह का गलवां घाटी देश का सीमावर्ती क्षेत्र है जहां पर हुई घटना उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश जैसे सीमावर्ती राज्यों के लिए भी चिंता का विषय है।




शिवसैनिक चीन का झंडा फूंकते हुए।

# समीक्षा बैठक से नदारद अधिकारियों का कटेगा वेतन

**संवाददाता**

टिहरी। डीएम मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता में जिला सभागार में शिकायत प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों की समक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने अनुपस्थित विभागाध्यक्षों के वेतन रोकने के निर्देश एडीएम एसी द्विवेदी को दिये। डीएम ने चेताया की आगे से अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान डीएम ने शिकायत प्रकोष्ठ में प्राप्त विभागों से संबंधित प्राप्त कुल 106 शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिये। शिकायतों में 59 सामान्य जनता वह 47 शिकायतें जनप्रतिनिधियों ने दर्ज कराई थी। शिकायतों को लेकर सिंचाई विभाग में बरती जा रही लापरवाही पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुये कहा कि विभागाध्यक्ष मात्र तीन से चार शिकायतों का निस्तारण नहीं कर पा रहे हैं। विभागाध्यक्षों को हर हाल में 15 दिनों के भीतर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

■15 दिनों के भीतर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश

15 दिनों के बाद विभागध्यक्षों की जबाबदेही तय की जायेगी। रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत जनपद के 12 गांव से 5–5 लाख के 2–2 प्रस्ताव प्राप्त करने के भी सम्बंधित बीडीओ को निर्देश दिये। प्राप्त शिकायतों में आगरा खाल के दयाल सिंह रावत ने आगरा खाल में बची दुकान हटाए जाने, आनंद सिंह पवार वन आरक्षी गजा ने उनके द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे की विवेचना रेगुलरी पुलिस से कराने की मांग, ग्राम क्वीली की सुलोचना देवी की शिकायतआशा कार्यकत्री के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने, कोटीगाड़ के राजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग 94 पर चंबा से किलोमीटर 6 पर मकान को छतिग्रस्त होने से बचाने बाबत चर्चा की।

बैठक में सीडीओ अभिषेक रुहेला, डीएफओ कोको रोसे, पीड़ी भरत चंद्र भट्ट, डीडीओ आनंद भाकुनी, सीवीओ डॉ पीएस रावत, सीओ जूही मनराल, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## उपमा के प्रदेश अध्यक्ष ने की नई कार्यकारणी की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई ने वर्ष 2020–2022 के लिए प्रदेश एवं देहरादून जिले के कार्यकारणी की घोषणा करते हुए आशा जताई कि सभी सदस्य आपस में मिलजुल कर पंजावीयत के लिए तन मन से सेवा करेंगे।

प्रदेश पदाधिकारियों में हरपाल सिंह सेठी को प्रदेश सलाहकार, गिरीश बक्शी, अनिल तनेजा, अरुण कुमार सूद, डा. हरीश कुमार ढीगरा, एवं कर्नल चंद्र मोहन को प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनील अरोड़ा प्रदेश महामंत्री, जीएस आनंद को प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रभारी गढ़वाल, सेवा सिंह मठारू को प्रदेश मीडिया प्रभारी जबकि नरेंद्र सिंह सेठी, गुलशन बाहरी नीरज अरोड़ा , किशोर अरोड़ा, गुलशन खुराना एवं तारा सिंह नागपाल प्रदेश सचिव की भूमिका निभाएंगे। अमरजीत सिंह कुकरेजा जिला अध्यक्ष देहरादून, जय वीर सिंह बाली वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रवि अरोड़ा जिला महामंत्री, संजय कुकरेजा कोषाध्यक्ष एवं विजय. कथूरिया मीडिया प्रभारी होंगे।